सामुदायिक विज्ञान विषय में छात्राओं के लिए विशेष अवसर: प्रो.नरेन्द्र

अमर भारती ब्यूरो।

बांदा। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2022 उत्तर प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के कुलपति प्रो0 नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश की छात्राओ के लिए यह सुनहरा मौका इसलिए है क्योंकि वे अपने क्षेत्र में ही रहकर उच्चशिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के साथ-साथ अच्छे नौकरी के अवसर भी प्राप्त कर सकती है, साथ ही अपना व्यवसाय शुरू करने की क्षमता को भी विकसित कर सकती है। यूपीकैटेट की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के लिए विशेषकर कला वर्ग से इण्टरमीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राओं हेतु बी0एस0सी0 (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान में प्रवेश के लिए विशेष अवसर है। इस विषय में प्रवेश के लिए गणित/विज्ञान वर्ग से इण्टरमीडिएट कर रही एवं कर चुकी छात्राए भी सामान रूप से अर्ह है। कुलपति महोदय ने बताया कि सामुदायिक विज्ञान शिक्षा व्यक्ति, परिवार एवं समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह वैज्ञानिक एवं रचनात्मक दोनों कार्यो को शामिल करता है जो न केवल बेहतर घर एवं परिवार के लिए बल्कि शिक्षण, समाज सेवा, व्यवसाय, अनुसन्धान में कैरियर का बेहतर अवसर प्रदान करता है।

अतः प्रदेश के हर क्षेत्र के हर वर्ग के छात्र-छात्राएं जो भी उच्च शिक्षा लेने के इच्छुक है, वे अपने ही क्षेत्र में घर के निकटतम रह कर बी0एस0सी0 (ऑनर्स) कृषि, बी0एस0सी0 (ऑनर्स) उद्यान, बी0एस0सी0 (ऑनर्स) वानिकी व बी0एस0सी0 (ऑनर्स) सामुदायिक विज्ञान की उपाधि प्राप्त कर परास्नातक व पी0एच0डी0 की डिग्री के लिए भी आगे प्रवेश ले सकते है। प्रायः देखा जाता है कि बहुत सारे प्रतिभाशाली छात्र एवं विशेष रूप से छात्राएं पारिवारिक परिस्थितियों के चलतें घर से दूर जाकर अच्छे उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाती है। छात्र-छात्राओं यहाँ से गुणवत्तायुक्त एवं रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर देश/विदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

• कुलपति ने दी पाठ्यक्रम और प्रवेश परीक्षा की जानकारी

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डा0 सौरभ ने पाठ्यक्रम की महत्ता के बारे में बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर उनको विभिन्न विधाओं में स्वरोजगार हेतु कौशल विकास के साथ-साथ विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों, बैंकों, प्रबन्धन संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों इत्यादि में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान करता है। सामुदायिक विज्ञान विषय में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस विषय के छात्र/छात्रायें रोजगार हेतु टीचर/ लेक्चरर/ प्रोफेसर, क्रेच/डे केयर सेंटर मैनेजर, डायटीशियन/ न्यूट्रीशनिस्ट, बेकिंग एंड कन्फेक्शनरी यूनिट, इंटीरियर डेकोरेटर/डिजाइनर, फैशन डिजाइनर, डायर/प्रिंटर, बुटीक, जनसंपर्क अधिकारी/ मीडिया प्रबंधक/ फोटोग्राफर/ वीडियो संपादक, काउंसलर/ फैमिली काउंसलर बनकर रोजगार सृजित कर सकते हैं और समाज की सेवा कर सकते हैं।